## बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs)

### 1. सही विकल्प पर (✔) का चिह्न लगाइए-

(क) 'माता जी ने कॉफी बनाई।' में कारक है-

कर्ता ◯ संप्रदान ◯ अपादान ◯

(ख) 'शिल्पी पेंसिल से लिखती है।' वाक्य में कारक है-

अपादान ◯ करण ◯ संप्रदान ◯

(ग) 'हे महान पुरुष! तुम धन्य हो।' वाक्य में कारक है-

संबोधन ◯ कर्म ◯ करण ◯

### 2. उचित कारक चिन्हों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) कविता ________ पाठ याद कर लिया।

(ख) ________ इतना क्यों हँसते हो?

(ग) मैंने पिता जी ________ उपहार खरीदा।

(घ) राहुल बस ________ घर वापस आया।

(ङ) आकाश ________ तारे चमक रहे हैं।

### 3. रंगीन शब्दों के कारक बताइए-

(क) छुटकी ने आम खा लिया। ________

(ख) महेश को पुरस्कार मिला। ________

(ग) मैं रोज़ कार से ऑफिस जाता हूँ।

(घ) मैंने माता जी के लिए साड़ी खरीदी।

(ङ) दीवार पर तस्वीर लगी है।

**4. उचित मिलान कीजिए-**

| | |
|---|---|
| (क) कर्म कारक | (i) के लिए, को |
| (ख) करण कारक | (ii) का, की, के |
| (ग) संप्रदान कारक | (iii) को |
| (घ) अपादान कारक | (iv) से, के द्वारा |
| (ङ) संबंध कारक | (v) से (अलग होना) |

## मौखिक प्रश्न

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

(क) कर्म कारक किसे कहते हैं?

(ख) संप्रदान कारक का उदाहरण दीजिए।

## लिखित प्रश्न

**6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

(क) कारक किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

(ख) कारक के भेदों के नाम लिखिए।

(ग) संबोधन कारक को परिभाषित कीजिए।